हिम तेंदुओं के लिये संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (PNHZP), **पश्चिम बंगाल** जिसे आमतौर पर दार्जिलिंग चिड़ियाघर के रूप में भी जाना जाता है, ने हिम तेंदुओं के लिये अपने सफल संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम (Conservation Breeding Programme- CBC) हेतु **वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर ज़ू एंड एक्वेरियम (WAZA)** से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता हासिल की है।

- यह मान्यता वन्यजीव संरक्षण और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के प्रति चिड़ियाघर के समर्पण का एक प्रमाण है।

विश्व चिड़ियाघर एवं एक्वेरियम संघ (World Association for Zoos and Aquariums- WAZA) क्या है?

- WAZA **क्षेत्रीय संघों, राष्ट्रीय संघों, चिड़ियाघरों और एक्वैरियमों का वैश्विक गठबंधन** है, जो विश्व भर में जीव-जंतुओं तथा उनके आवासों की देखभाल एवं संरक्षण के लिये समर्पित है।
- इसकी सदस्यता में विश्व भर के लगभग 400 अग्रणी संस्थान और संगठन शामिल हैं तथा यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

दार्जिलिंग चिड़ियाघर में हिम तेंदुओं के संरक्षण के प्रयास क्या हैं?

- **परिचय:**
  - भारत में एकमात्र **दार्जिलिंग चिड़ियाघर में हिम तेंदुओं के लिये संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम** है।
  - हिम तेंदुओं के अलावा, इसमें **रेड पांडा, पहाड़ी ओरल** और **तीतर** लिये संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम हैं।
  - **दार्जिलिंग चिड़ियाघर भारत का सबसे ऊँचाई पर स्थित सबसे बड़ा चिड़ियाघर है।**
- **संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम:**
  - पहला गैर-स्थानिक संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 1986 में हिम तेंदुए संरक्षण प्रजनन परियोजना के रूप में हुई।
  - दार्जिलिंग चिड़ियाघर में CBC के तहत वर्ष 1989 में **हिम तेंदुए का पहला जन्म** दर्ज किया गया। वर्तमान में **चिड़ियाघर में** CBC के तहत **77 हिम तेंदुओं का जन्म** हो चुका है जो वन्यजीव संरक्षण में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।
  - हिम तेंदुओं के प्रजनन में चिड़ियाघर की सफलता का श्रेय **नर व मादा हिम तेंदुओं की सावधानीपूर्वक जोड़ी बनाने**, बाड़ों के भीतर एक **प्राकृतिक वातावरण** बनाने तथा अंतःप्रजनन (Inbreeding) से बचने के लिये एक विस्तृत आनुवंशिक कोश/पूल का उपयोग करने को दिया जा सकता है।
  - नर व मादा तेंदुओं की जोड़ी बनाने से पूर्व **अनुनय/संबंध विकसित करने के लिये** उन्हें **निकटवर्ती बाड़ों में रखा जाता है।** उनकी अनुकूलता की पुष्टि होने पर उनकी जोड़ी बनाकर उन्हें एक ही बाड़े में रखा जाता है।
    - गर्भवती होने की स्थिति में मादा तेंदुओं को अलग कर दिया जाता है तथा नियमित रक्त परीक्षण एवं शरीर के भार की निगरानी के साथ उन्हें 24X7 CCTV निगरानी में रखा जाता है।
    - चिड़ियाघर सभी बंदी जानवरों के लिये उच्चतम जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन करता है जिसमें परजीवियों से सुरक्षा हेतु नियमित जाँच, कृमि मुक्ति एवं उन्नत पशु चिकित्सा सुविधाएँ शामिल हैं।

//

हिम तेंदुआ *(Snow Leopard)*

Drishti IAS

प्राय: इसे "Ghost of the Mountains" अर्थात "पहाड़ों का भूत" के रूप में संदर्भित किया जाता है।

आवास

मध्य और दक्षिणी एशिया के पर्वतीय क्षेत्र
हिम तेंदुआ रेंज वाले देशों की संख्या (12) - भारत, नेपाल, भूटान, चीन, मंगोलिया, रूस, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, उज़्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान

भारत में

पश्चिमी हिमालय : जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश
पूर्वी हिमालय : उत्तराखंड, सिक्किम तथा अरुणाचल प्रदेश

प्रमुख स्थान

हेमिस राष्ट्रीय उद्यान, लद्दाख
(इसे हिम तेंदुओं की 'वैश्विक राजधानी' के रूप में भी जाना जाता है)
ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, हिमाचल प्रदेश
गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान, उत्तराखंड
कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम

खतरे

- मानव- हिम तेंदुआ संघर्ष
- शिकार एवं आवास की क्षति
- अवैध शिकार
- जलवायु परिवर्तन

संरक्षण स्थिति

IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable)
CITES - परिशिष्ट - I
भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची 1

संरक्षण हेतु प्रयास

- ग्लोबल स्नो लेपर्ड एंड इकोसिस्टम प्रोटेक्शन (GSLEP) कार्यक्रम
- हिमाल संरक्षक - सामुदायिक स्वयंसेवी कार्यक्रम
- प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड (PSL)
- हिम तेंदुआ संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम - पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क, पश्चिम बंगाल

UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न1. नम्निलखिति पर वचिार कीजयि: (2012)

1. ब्लैक नेक क्रेन
2. चीता
3. उड़न गलिहरी
4. हमि तेंदुआ

उपर्युक्त में से कौन-सा स्वाभावकि रूप से भारत में पाया जाता है?

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/darjeeling-zoo-s-conservation-breeding-programme-for-snow-leopards